पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

4 सितंबर 2023

पीएफसी ने नामरूप में 500 टीपीडी मेथनॉल प्लांट और बोइटामारी, असम में 200 टीपीडी फॉर्मेलिन प्लांट के कार्यान्वयन के लिए असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) के साथ ऋण करार पर हस्ताक्षर किए

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) और असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) ने ₹1827 करोड़ रुपये के अनुमानित परियोजना लागत पर असम राज्य में बोइटामारी में कैप्टिव 0.90 मेगावाट पावर प्लांट सहित 200 टीपीडी फॉर्मेलिन प्लांट तथा नामरूप में अपने 11 मेगावाट कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी) सहित 500 टन प्रति दिन (टीपीडी) मेथनॉल प्लांट के कार्यान्वयन के लिए ₹1229 करोड़ का सावधि ऋण देने के लिए 04.09.2023 को ऋण करार पर हस्ताक्षर किए। 11 मेगावाट सीपीपी सहित 500 टीपीडी मेथनॉल प्लांट का उद्घाटन 14.04.2023 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था। 200 टीपीडी फॉर्मेलिन प्लांट सहित परियोजना का वाणिज्यिक संचालन 31.03.2024 तक शुरू किया जाएगा।

पीएफसी कार्यालय, नई दिल्ली में एक समारोह में पीएफसी अधिकारियों श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, सीएमडी, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक), श्री एच के दास, कार्यपालक निदेशक और एपीएल के अधिकारियों श्री बिकुल च. डेका, अध्यक्ष, श्री रजनेश गोगोई, प्रबंध निदेशक, श्री प्रमोद कुमार प्रसाद, निदेशक (वित्त), तथा पीएफसी एवं एपीएल के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

असम पेट्रो-केमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) असम सरकार का एक राज्य सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जिसमें असम सरकार (जीओए), असम औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एआईडीसीएल); असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) शामिल हैं । एपीएल ने अपना परिचालन 1976 में शुरू किया और क्रमशः 1989 और 1998 से मेथनॉल और फॉर्मेलिन बेचने के व्यवसाय में है। वर्तमान में, एपीएल ने भारत के पड़ोसी देशों, यानी बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में अपने कारोबार का विस्तार किया है और भारत के ईआर एंड एनईआर, एनआर और डब्ल्यूआर क्षेत्र में अपनी जड़ें जमा ली हैं।

पीएफसी और एपीएल के बीच साझेदारी देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास में पीएफसी के निरंतर समर्थन और सहायता को उजागर करती है। दोनों संगठन परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं।

हस्ता/-

(एस. एस. राव)

मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)